F.No.J- 25011/89/2020-Gen
Government of India
Ministry of Petroleum & Natural Gas
(General Section)
*************

Shastri Bhawan, New Delhi
Dated 22nd November, 2023

**OFFICE MEMORANDUM**

**Subject: Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of October, 2023**

The undersigned is directed to circulate herewith a copy of the Monthly Summary (Both English & Hindi) of the Ministry of Petroleum & Natural Gas for the month of October, 2023.

2. This issues with the approval of the Competent Authority.

22/11/2023
( Noas Kindo )
Under Secretary to the Govt. of India

Encl.: As above

To,

1. Deputy Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
2. Cabinet Secretary, Rashtrapati Bhawan New Delhi
3. All Secretaries to Government of India
4. Information Officer, PIB, Shastri Bhawan, New Delhi

I. **Marketing Operations**

1. Government has approved release of additional 75 lakh LPG connections under PMUY over the period of 3 years from FY 2023-24 to FY 2025-26. Work has since been initiated to activate additional PMUY connections.

   Approx. 11.5 lakh new LPG connections have been issued from 01.10.2023 to 31.10.2023 on industry basis including 8.58 lakh connections under PMUY (against the target of 75 lakh).

   As on 01.11.2023, there are 31.6 crore active LPG connections including 9.67 crore PMUY connections.

2. The number of Letter of Intent (LOI) issued and distributorships commissioned during 01.10.2023 to 31.10.2023 on industry basis are 05 and 06 respectively. Total 77 distributorships commissioned during current financial year (Apr.-Oct., 2023).

3. As on 01.11.2023, approx. 29.26 crore LPG consumers are enrolled under the PAHAL scheme. Till date, more than 1.14 crore customers have given up their LPG subsidy under 'GiveItUp' campaign.

4. Enhanced Target subsidy with date of implementation :From 5th October, 2023, the targeted subsidy to PMUY beneficiaries has been increased to Rs. 300 per 14.2 Kg refill. This subsidy is applicable for all PMUY beneficiaries for upto 12 refills a year.

5. Enhanced distributor commissioned : With effect from 4th October, 2023, Government has revised the Distributors' commission on domestic LPG to Rs. 73.08 per 14.2 Kg cylinder and Rs. 36.54 per 5.0 kg cylinder. However, Retail Selling Price of domestic LPG remained unchanged.

6. As on 31.10.2023, a total of 38161 retail outlets have been solarised.

7. During October, 2023 retail prices of Petrol remained unchanged (e.g. at Rs.96.72/litre in Delhi). Similarly, retail prices of Diesel remained unchanged (e.g. at Rs.89.62/litre in Delhi).

8. Price of domestic LPG cylinder of 14.2 Kg remained unchanged at Rs. 903 per cylinder (in Delhi). With a targeted subsidy of Rs 300/14.2 Kg cylinder, effective cost was Rs. 603 per cylinder (in Delhi) for PMUY consumers.

9. There is NIL under recovery on PDS Kerosene as on 1st October, 2023.

II. **Crude Oil**

1. Domestic crude oil production during October 2023 was 2.49 MMT, which is 3.1% lower than the target (2.57 MMT) for the month but 1.3% higher than the production (2.46 MMT) of corresponding month of last year (October 2022). Cumulative crude oil production during April-October, 2023 was 17.17 MMT, which is 2.3% lower than the target (17.56 MMT) for the period and 0.1% lower than the production of the corresponding period of last year (17.19 MMT).

2. During October 2023, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between $ 85.66 and $ 93.85 per barrel and the average price for the month was $ 90.08 per barrel, 3.7% lower than the average price of $ 93.54 per barrel for September, 2023.

## III. Gas supply

1. Natural gas production during October 2023 was 3.16 BCM, which is 5.0% lower than the target (3.33 BCM) for the month and 9.4% higher than production (2.89 BCM) of corresponding month of last year (October 2022). Cumulative natural gas production during April-October, 2023 was 21.04 BCM, which is 3.6% lower than the target (21.83 BCM) for the period but 4.8% higher than the production of the corresponding period of last year (20.08 BCM).

2. As on 31.08.2023, approximately 1.159 crore PNG domestic connections have been provided and 5953 CNG stations installed by the various CGD entities authorized by the PNGRB.

3. Under Sustainable Alternative Towards Affordable Transportation (SATAT), as on 30.09.2023, total number of Intents (LOI) is 2176 and total 50 CBG/Bio Gas Plants have been commissioned across the country. 63 CBG plants are under construction. Sale of CBG has been initiated from more than 130 retail outlets till now. CBG is also being supplied to industrial consumers.

4. In furtherance of M/o Petroleum & Natural Gas guidelines dated 09.04.2021 and 06.05.2022, the synchronization scheme for co-mingling of domestic gas for supply for Compressed Natural Gas (Transport) & Piped Natural Gas (Domestic) segments of City Gas Distribution Networks has been extended for a further period of 10 Years.

5. The 12$^{th}$City Gas Distribution Bidding Round by PNGRB, covering 7 Geographic Areas across 5 states & 2 UTs, was launched by Hon'ble Minister on 12$^{th}$ October, 2023.

## IV. Bio fuels and Ethanol Blending

1. For the Ethanol Supply Year (ESY) 2022-23 (ESY: 1$^{st}$ December to 31$^{st}$ October) the Oil Marketing Companies (OMCs) floated a tender for 599.7 crore litres of Ethanol against which Letter of Intents (LoIs) for 567 crore litres of Ethanol were issued. During ESY 2022-23, the public sector OMCs have achieved a cumulative blending of over 12% for Ethanol Supply Year 2022-23. The Public Sector OMCs have started dispensing E20 petrol (20% ethanol in petrol) at more than 6000 retail outlets across the country.

2. During the Financial Year 2023-24, OMCs have procured 25.23 crore litres of biodiesel for the bio-diesel blending programmeupto 31.10.2023.

3. Oil and Gas PSUs have taken various steps towards establishing Pilotand Commercial Green Hydrogen Plants of 33.17 KTPA by 2026. GAIL has implemented ~2% Hydrogen blending in M/s.Avantika Gas Network in Indore. OIL has also implemented ~2% Hydrogen blending with natural gas for captive usage at Jorhat.

## V. Reducing Import Dependency

1. India imported 115.8 MMT of crude oil for US$ 63.7 billion during April-September 2023 as compared to an import of 115.5 MMT for $ 89.1 billion during April-September 2022. Import dependency in case of crude oil during April-September 2023 was 87.5% as compared to 86.5% during the corresponding period of last year.

2. India imported 15.11 BCM (for US$ 6.6 billion) of LNG during April-September 2023 as compared to import of 13.68 BCM for US$ 9.4 billion during April-September 2022 period. Import dependency in Natural Gas reduced from 46.3% during April-September 2022 to 44.9% during April-September, 2023.

## VI. GeM Procurement

For FY 2023-24, Oil PSUs procured items worth Rs.16,233.48 crore through GeM portal till 31st October, 2023. 100% procurement is being done through GeM for items that are available on the portal.

## VII. International Cooperation

A. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas led an Industry Delegation from 2-4th October, 2023 to participate in ADIPEC 2023, Abu Dhabi - the world's most influential gathering for energy industry. At ADIPEC, the Hon'ble Minister inaugurated the India Pavilion and participated in the spotlight session on '*Energy Talks: India's energy industry: from diversification to economic growth*'. The Hon'ble Minister also had bilateral engagements with Energy Ministers, Heads of International Organizations, and CEOs of Global oil & gas companies as under:

a. **H.E. Suhail Mohamed Al Mazrouei**, Minister of Energy and Infrastructure, UAE
b. **H.E. Dr. Sultan Ahmed Al Jaber**,Minister of Industry & AT of UAE; MD & Group CEO of ADNOC Group, & President-Designate for COP28 UAE in Abu Dhabi.
c. **H.E.Tarek El Molla**, Minister of Petroleum & Mineral Resources of Egypt
d. **Rt. Hon. ObongememEkperikpeEkpo**&**Senator Heineken Lokpobiri**, Hon'ble Ministers of State Petroleum Resources (Oil), Federal Republic of Nigeria
e. **Mr Joseph McMonigle**, Secretary General IEF
f. **Mr. Haitham Al Ghais**, Secretary General OPEC
g. CEOs and Senior executives of global oil & gas companies like **BP, Total Energies, Equinor, Schlumberger, Occidental, Baker Hughes.**

B. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas had a meeting with **H.E. Dr. Philipp Ackermann, German Ambassador** on 27th Oct.'2023 and held discussions on areas of mutual cooperation in urban development & energy sectors.

C. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs led a high-level ministerial and industrial delegation to Mozambique from 29th Oct.'2023 to 31st Oct.'2023. Mozambique has emerged as a preferred destination for oil companies globally, in view of large discoveries & potential development of LNG projects. In Mozambique, the Hon'ble Minister had key engagements as under:

a. The Hon'ble Minister called on the President of Mozambique, **H.E. Mr. Filipe Jacinto Nyusi**and discussed matters of mutual interest.
b. The Hon'ble Minister had bilateral meetings with **HE Carlos Zacarias,** Minister of Mineral Resources & Energy of Mozambique and **H.E. Mr. Max Tonela**, Minister of Economy & Finance.
c. Hon'ble Minister met CEO of Total Energies, Mozambique LNG Project and reviewed the status of the $20 billion LNG Project at Cabo Delgado province.
d. Hon'ble Minister and the accompanying delegation visited the 7500 hectares site of India's LNG project in Mozambique's Cabo Delgado province & the 13 MMTPA LNG trains.

D. Secretary, Petroleum and Natural Gas, attended ADIPEC 2023 on 2nd Oct., 2023 and participated in the Ministerial session '*Navigating Energy and Geopolitics in the New World Order*', where he emphasized the need for energy security, affordability, and reliability. He also had separate meetings with CEOs and senior executives of oil & gas companies like Nabors Drilling, RPS Energy & API.

E. Secretary, Petroleum and Natural Gas as the Interim Director General of Global Biofuels Alliance (GBA) chaired the inaugural meeting of the Temporary Executive Committee (TEC) virtually on 26th Oct., 2023. TEC deliberated on the governance framework and action plan for GBA. The TEC also discussed GBA participation at international forums and other issues of mutual cooperation.

## VIII. Infrastructure Development

A total of 3 oil & gas infrastructure projects valued at Rs.1,455 Cr. of HPCL and APGDCL have been completed during the month of October, 2023.

## IX. Miscellaneous

A. MoPNG co-chaired a virtual meeting with **Mrs. ZeenatGuness-Goolbar, Permanent Secretary, Ministry of Energy and Public Utilities, Mauritius** on 19th Oct.'2023 where both sides discussed the important potential of the Global Biofuels Alliance in bringing innovative solutions, promoting biofuels as an important pathway for energy transition while supporting energy security.

B. MoPNG co-chaired a virtual meeting with Oman on 26th Oct.'2023 to explore ways of enhancing hydrocarbon strategic partnership. Both sides discussed entering into long-term contracts across the entire hydrocarbon value chain.

C. MoPNG chaired the 5th Technical meeting under the India-OPEC Energy Dialogue virtually on 27th Oct., 2023. Both sides deliberated on the importance of ensuring oil market affordability for consuming countries. India-OPEC also emphasized increased consumer-producer cooperation to address such concerns.

D. There was an incident of blow-out of a closed OIL oil well (NHK-67) near Duliajan on 19th October, 2023 after some miscreants damaged the adopter spool of the well leading to uncontrolled flow of fluids, mainly water. The well was producing gas till 2011 and was shut in 2016 due to depletion of reserves. The blow-out was capped successfully by the in-house Crisis Management Team of the company on 22nd October, 2023. Subsequently, the well has been killed. There was no loss of life or property as a result of blow-out.

मि. सं. जे-25011/89/2020-सामान्य
भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(अनुभाग सामान्य)
*******

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनाँक 22nd नवंबर, 2023

## कार्यालय ज्ञापन

**विषयः पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का अक्तूबर, 2023 माह के लिए मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को अक्तूबर, 2023 माह के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मासिक सारांश की एक प्रतिलिपि (हिंदी और अंग्रेजी दोनों) एतद्वारा परिचालित करने का निदेश दिया जाता है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

नोवस 22/11/2023
(नोवस किन्डो)
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्नः यथोक्त

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
2. मंत्रिमंडल सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
3. भारत सरकार के सभी सचिव
4. सूचना अधिकारी, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

**विपणन प्रचालन**

1. सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 तक 3 वर्षों की अवधि में पीएमयूवाई के तहत अतिरिक्त 75 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी करने की मंजूरी दे दी है। अतिरिक्त पीएमयूवाई कनेक्शन सक्रिय करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है।

   उद्योग आधार पर दिनांक 01.10.2023 से 31.10.2023 तक लगभग 11.5 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं, जिनमें पीएमयूवाई के तहत 8.58 लाख कनेक्शन (75 लाख के लक्ष्य के मुकाबले) शामिल हैं ।

   दिनांक 01.11.2023 की स्थिति के अनुसार, 9.67 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन सहित 31.6 करोड़ सक्रिय एलपीजी कनेक्शन हैं।

2. उद्योग आधार पर दिनांक 01.10.2023 से 31.10.2023 के दौरान जारी किए गए आशय पत्र (एलओआई) और डिस्ट्रीब्यूटरशिप की संख्या क्रमशः 05 और 06 है। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-अक्तूबर, 2023) के दौरान कुल 77 डिस्ट्रीब्यूटरशिप चालू की गईं।

3. दिनांक 01.11.2023 की स्थिति के अनुसार, पहल योजना के तहत लगभग 29.26 करोड़ एलपीजी उपभोक्ताओं ने नामांकन किया हैं। अब तक 1.14 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने 'गिवइटअप' अभियान के तहत अपनी एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है।

4. कार्यान्वयन की तारीख से बढ़ी हुई निर्धारित सब्सिडी : दिनांक 5 अक्तूबर , 2023 से पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए निर्धारित सब्सिडी को बढ़ाकर रुपए 300 प्रति 14.2 किलोग्राम रिफिल कर दिया गया है। यह सब्सिडी सभी पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए एक वर्ष में 12 रिफिल तक लागू है।

5. चालू किए गए उन्नत डिस्ट्रीब्यूटर: दिनांक 4 अक्तूबर, 2023 से , सरकार ने घरेलू एलपीजी पर डिस्ट्रीब्यूटरों के कमीशन को संशोधित कर 73.08 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर और 36.54 रुपए प्रति 5.0 किलोग्राम सिलेंडर कर दिया है। हालाँकि, घरेलू एलपीजी की खुदरा बिक्री कीमत अपरिवर्तित रही।

6. दिनांक 31.10.2023 की स्थिति के अनुसार, कुल 38161 खुदरा बिक्री केंद्रों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित किया गया है।

7. अक्तूबर, 2023 के दौरान पेट्रोल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे (उदाहरण के लिए दिल्ली में 96.72 रुपये/लीटर)। इसी तरह, डीजल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे (उदाहरण के लिए दिल्ली में 89.62 रुपये प्रति लीटर)।

8. 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलिंडर का मूल्य माह के दौरान 903 रुपये प्रति सिलिंडर (दिल्ली में) पर अपरिवर्तित रहा। 300 रुपये/14.2 किलोग्राम सिलिंडर की निर्धारित राजसहायता के साथ, पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी लागत (दिल्ली में) 603 रुपये प्रति सिलिंडर थी

9. दिनांक 01 अक्तूबर, 2023 तक पीडीएस मिट्टी तेल पर शून्य अल्प वसूली है ।

## II. कच्चा तेल

1. अक्तूबर, 2023 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2.49 एमएमटी था, जो माह के लक्ष्य (2.57 एमएमटी) से 3.1% कम है, लेकिन पिछले वर्ष (अक्तूबर 2022) के इसी माह के उत्पादन (2.46 एमएमटी) से 1.3% अधिक है। अप्रैल-अक्तूबर, 2023 के दौरान कच्चे तेल का संचयी उत्पादन 17.17 एमएमटी था, जो इस अवधि के लक्ष्य (17.19 एमएमटी) से 2.3% कम है और पिछले वर्ष की इसी अवधि के उत्पादन से 0.1% कम है।

2. अक्तूबर 2023 के दौरान, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट का मूल्य 85.66 डॉलर और 93.85 डॉलर प्रति बैरल के बीच परिवर्तित रहा और माह का औसत मूल्य 90.08 डॉलर प्रति बैरल था, जो सितंबर, 2023 के औसत मूल्य 93.54 डॉलर प्रति बैरल से 3.7% कम है।

## III गैस की आपूर्ति

1. अक्तूबर 2023 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 3.16 बीसीएम था, जो माह के लक्ष्य (3.33 बीसीएम) से 5.0% कम है, लेकिन पिछले वर्ष (अक्तूबर 2022) के इसी माह के उत्पादन (2.89 बीसीएम) से 9.4% अधिक है। अप्रैल-अक्तूबर, 2023 के दौरान संचयी प्राकृतिक गैस उत्पादन 21.04 बीसीएम था, जो इस अवधि के लक्ष्य से (21.83 बीसीएम) 3.6% कम है, लेकिन पिछले वर्ष की इसी अवधि के उत्पादन (20.08 बीसीएम) से 4.8% अधिक है।

2. दिनाँक 31.08.2023 की स्थिति के अनुसार, लगभग 1.159 करोड़ पीएनजी घरेलू कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत विभिन्न सीजीडी कम्पनियों द्वारा 5953 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

3. किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (एसएटीएटी) के तहत, दिनांक 30.09.2023 की स्थिति के अनुसार कुल आशय पत्रों (एलओआई) की संख्या 2176 है और देश भर में कुल 50 सीबीजी/बायो गैस संयंत्र चालू किए गए हैं। 63 सीबीजी संयंत्र निर्माणाधीन हैं। अब 130 से अधिक

खुदरा बिक्री केन्द्रों के लिए सीबीजी की बिक्री शुरू की गई है। औद्योगिक उपभोक्ताओं को भी सीबीजी की आपूर्ति की जा रही है।

4. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिनांक 09.04.2021 और 06.05.2022 के दिशा-निर्देशों के क्रम में, नगर गैस वितरण नेटवर्क के संपीड़ित प्राकृतिक गैस (परिवहन) और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (घरेलू) खंडों की आपूर्ति के लिए घरेलू गैस के सह-मिश्रण के लिए सिंक्रनाइज़ेशन योजना को 10 वर्षों की आगे और अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है।

5. दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को माननीय मंत्री द्वारा 12 वां नगर गैस वितरण बोली दौर, 5 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए 7 भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करते हुए लॉन्च किया गया था।

## IV. जैव ईंधन और एथेनॉल मिश्रण

1. एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2022-23 (ईएसवाई: 1 दिसंबर से 31 अक्तूबर) के लिए तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसीज) ने 599.7 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए निविदा जारी की, जिसके तहत 567 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए आशय पत्र (एलओआईज) जारी किए गए। ईएसवाई 2022-23 के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2022-23 के लिए 12% से अधिक का संचयी मिश्रण किया है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने देश भर में 6000 से अधिक खुदरा बिक्री केंद्रों पर ई20 पेट्रोल (पेट्रोल में 20% एथेनॉल) का वितरण शुरू कर दिया है।

2. वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, ओएमसीज ने दिनाँक 31.10.2023 तक जैव डीजल मिश्रण कार्यक्रम के लिए 25.23 करोड़ लीटर जैव डीजल खरीदा है।

3. ऑयल एंड गैस पीएसयूज ने वर्ष 2026 तक 33.17 केटीपीए के पायलट और वाणिज्यिक ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्रों को स्थापित करने की दिशा में विभिन्न कदम उठाए गए हैं। गेल ने इंदौर में मेसर्स अवंतिका गैस नेटवर्क में ~2% हाइड्रोजन मिश्रण लागू किया है। ओआईएल ने जोरहाट में निजी उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस के साथ ~2% हाइड्रोजन मिश्रण भी लागू किया है।

## V. आयात निर्भरता कम करना

1. भारत ने अप्रैल-सितंबर 2022 के दौरान 89.1 बिलियन अमरीकी डॉलर के 115.5 एमएमटी के आयात की तुलना में अप्रैल-सितंबर 2023 के दौरान 63.7 बिलियन अमरीकी डॉलर के मूल्य के

115.8 एमएमटी कच्चे तेल का आयात किया। अप्रैल-सितंबर, 2023 के दौरान कच्चे तेल के आयात पर आयात निर्भरता पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 86.5% की तुलना में 87.5% थी।

2. भारत ने अप्रैल-सितंबर, 2023 में 15.11 बीसीएम एलएनजी (6.6 बिलियन अमरीकी डॉलर से) आयात किया, जबकि अप्रैल-सितंबर, 2022 की अवधि के दौरान 13.68 बीसीएम एलएनजी (9.4 बिलियन अमरीकी डॉलर से) आयात किया गया था। अप्रैल-सितंबर, 2023 के दौरान प्राकृतिक गैस पर आयात निर्भरता अप्रैल-सितंबर, 2022 के दौरान प्राकृतिक गैस पर आयात निर्भरता की तुलना में 46.3% से घट कर 44.9% हो गई।

## VI. जीईएम अधिप्राप्ति

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए, तेल पीएसयूज ने 31 अक्तूबर, 2023 तक जीईएम पोर्टल के माध्यम से 16,233.48 करोड़ रुपये से मदों की अधिप्राप्ति की। पोर्टल पर उपलब्ध मदों के लिए जीईएम के माध्यम से 100% अधिप्राप्ति की जा रही है।

## VII. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

क. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने उर्जा उद्योग के लिए 2-4 अक्तूबर, 2023 तक अबू धाबी में आयोजित हुई दुनिया की सबसे प्रभावशाली सभा-एडीआईपीईसी, 2023 में भाग लेने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया । माननीय मंत्री ने एडीआईपीईसी सभा में इंडियन पवेलियन का उद्घाटन किया और 'उर्जा संबंधी बातचीत: भारत के लिए उर्जा उद्योग: विविधिकरण से आर्थिक विकास' के विशेष सत्र में भाग लिया । माननीय मंत्री ने उर्जा मंत्रियों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख और वैश्विक तेल और गैस कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ निम्नानुसार द्विपक्षीय बातचीत की:

क. **महामहीम सुहैल मोहम्मद अल मजरुई**, उर्जा और अवसंरचना मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात।

ख. **महामहिम डॉ. सुलतान अहमद अल जाबेर, उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री यूएई; एडीएनओसी समूह के एमडी और समूह सीईओ, और अबू धाबी में सीओपी 28 के लिए पदस्थापित-अध्यक्ष** ।

ग. **महामहिम तारेक एल मोल्ला**, मिस्र के पेट्रोलियम और खनिज संसाधन मंत्री।

घ. **आरटी. माननीय ओबोंग्मेम एकपेरिकपे एकपो** और **सीनेटर हेनेकेन लोकपोबिरी**, नाईजीरिया के पेट्रोलियम संसाधन (तेल), संघीय गणराज्य के माननीय राज्य मंत्री।

ङ. **श्री जोसेफ मैक मोनिगल,** आईईएफ महासचिव।

च. **हैथम अल घिस,** ओपीईसी महासचिव।

छ. **बीपी, टोटल एनेर्जीस, इक्विनोर, श्लमबरगर, ओक्सीडेंटल, बेकार ह्युगेस** जैसी वैश्विक तेल और गैस कंपनियों के सीईओज और वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी।

ख. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने **जर्मन के राजदूत महामहिम डॉ. फिलिप एकरमैन** के साथ दिनांक 27 अक्तूबर, 2023 को बैठक की और उर्जा क्षेत्रों तथा शहरी विकास में पारस्परिक सहयोक संबंधी मुद्दों पर बातचीत की ।

ग. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने दिनांक 29 अक्तूबर, 2023 से 31 अक्तूबर, 2023 तक मोज़ाम्बिक में एक उच्चस्तरीय मंत्रिस्तरीय और औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया । एलएनजी परियोजनों की वृहत खोजों और संभावित विकास के सदृश्य मोज़ाम्बिक वैश्विक स्तर पर तेल कंपनियों के लिए एक श्रेयष्कर स्थान के रूप में उभरा है । माननीय मंत्री के मोज़ाम्बिक में प्रमुख कार्यक्रम निम्नानुसार थे:

**क.** माननीय मंत्री ने मोज़ाम्बिक के राष्ट्रपति **महामहिम श्री फ़िलिप जैसिंटो न्यूसी** से मुलाकात की और पारस्परिक हित संबंधी मुद्दों पर बातचीत की ।

**ख.** माननीय मंत्री ने मोज़ाम्बिक के खनिज संसाधन और उर्जा मंत्री, **महामहिम कार्लोस ज़कारियास** और अर्थव्यवस्था तथा वित्त मंत्री **महामहिम श्री मैक्स टोनेला** के साथ द्विपक्षीय बैठकें की ।

**ग.** माननीय मंत्री ने मोज़ाम्बिक एलएनजी परियोजना के टोटल एनर्जी के सीईओ से मुलाकात की और काबो डेलगाडो प्रांत में 20 बिलियन डॉलर की एलएनजी परियोजना की स्तिथि की समीक्षा की ।

**घ.** माननीय मंत्री और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल ने मोज़ाम्बिक के काबो डेलगाडो प्रांत में भारत की 7500 हेक्टेयर वाली एलएनजी परियोजना साईट और 13 एमएमटीपीए एलएनजी ट्रेनों का दौरा किया ।

घ. सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस ने दिनांक 2 अक्तूबर, 2023 को एडीआईपीईसी 2023 में भाग लिया और मंत्रिस्तरीय सत्र 'नेविगेटिंग एनर्जी एंड जियोपॉलिटिक्स इन द न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' में भाग लिया जहाँ उन्होंने उर्जा सुरक्षा, सामर्थ्य और विश्वसनीयता की आवश्यकता पर जोर दिया । उन्होंने नाबर्स ड्रिलिंग, आरपीएस एनेर्जी और एपीआई जैसी तेल तथा गैस कंपनियों के सीईओज और वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों के साथ भी अलग-अलग बैठकें की ।

ङ. सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) के अंतरिम महानिदेशक के रूप में दिनांक 26 अक्तूबर, 2023 को वर्चुअल माध्यम से अस्थायी कार्यकारी समिति (टीईसी) की उद्घाटन बैठक की अध्यक्षता की । टीईसी ने जीबीए के लिए शासन संबंधी

ढांचे और कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया । टीईसी ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जीबीए की भागीदारी और पारस्परिक सहयोग के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की ।

## VIII. अवसंरचना का विकास

एचपीसीएल और एपीजीडीसीएल की 1,455 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 3 तेल और गैस अवसंरचना परियोजनाएं अक्तूबर, 2023 के दौरान पूरी कर ली गई हैं।

## IX. विविध

क. एमओपीएनजी ने दिनांक 19 अक्तूबर, 2023 को **मॉरिशस के उर्जा और सार्वजनिक उपयोगिता मंत्रालय की स्थायी सचिव श्रीमती जिनतगुनेस-गुलबार** के साथ एक वर्चुअल बैठक की सह-अध्यक्षता की जिसमें दोनों पक्षों ने अभिनव समाधान लाने के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिए उर्जा परिवर्तन के साथ उर्जा सुरक्षा का समर्थन करते हुए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन संबंधी महत्वपूर्ण क्षमता पर चर्चा की ।

ख. एमओपीएनजी ने कार्यनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के उपायों का पता लगाने के लिए दिनांक 26 अक्तूबर 2023 को ओमान के साथ एक वर्चुअल बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने सम्पूर्ण हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला में दीर्घकालिक अनुबंध करने पर चर्चा की।

**ग.** एमओपीएनजी ने दिनांक 27 अक्तूबर, 2023 को वर्चुअल माध्यम से इंडिया-ओपेक एनेर्जी डायलॉग के तहत 5वीं तकनीकी बैठक की अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने उपभोक्ता देशों के लिए तेल बाजार की सामर्थ्य सुनिश्चित करने के महत्त्व पर विचार-विमर्श किया। इंडिया-ओपेक ने सम्बंधित चिंताओं को दूर करने के लिए उपभोक्ता-उत्पादक सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया ।

**घ.** दिनांक 19 अक्तूबर, 2023 को दुलियाजान के पास एक बंद तेल कूप (एनएचके-67) में आग लगने की घटना हुई थी जिसमें कुछ अराजक तत्वों ने कूपों के एडॉप्टर स्पूल को क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसके फलस्वरूप तरल पदार्थ मुख्यत: पानी का प्रवाह अनियंत्रित हुआ था । यह कूप वर्ष 2011 तक गैस का उत्पादन कर रहा था और भण्डारण की कमी के चलते वर्ष 2016 में बंद कर दिया गया था । दिनांक 22 अक्तूबर, 2023 को कंपनी के इन-हाउस विपत्ति प्रबंधन दल द्वारा आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया । इसके बाद से कूप बंद किया गया है । आग से किसी जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था ।